ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 21-09-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-09-21 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-09-22	2021-09-23	2021-09-24	2021-09-25	2021-09-26
वर्षा (मिमी)	2.0	8.0	1.0	5.0	5.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	34.0	33.0	34.0	33.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	24.0	23.0	23.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	80	85	85	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	60	55	55	55
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	8.0	8.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	140	140	130	130	100
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	6	3	3	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (14 – 20 सितम्बर , 2021) में 1.6 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 29.0 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 24.4 से 25.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 86 से 92 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 58 से 85 प्रतिशत एवं हवा 1.9 से 4.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली।आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 33.0 से 34.0 व 23.0 से 25.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0 किमी/घंटे की गति से दक्षिण-पूर्व से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक तथा अधिकतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.35-0.55 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। मौसम साफ रहने पर, धान की फसल में रोपाई के 50 दिनों के बाद,पीला तना छेदक को नियंत्रित करने के लिएए क्लोरेंट्रोनिलिप्रोल 20 एससी कोरोजन का 150 मिली/ हेक्टेयर या फाइप्रोनिल 5 एससी का 1000 मिली /हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। किसान भाई रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की बारिश हो सकती है। किसान भाई

परिपक्क फसलों की कटाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	वर्तमान मौसम धान की फसल में ब्लास्ट (झोंका) रोग का प्रकोप देखा जा रहा है, अतः बाली निकलते समय झोंका रोग की रोकथाम हेतु कार्बन्डाजिम 50 डब्लूपी (बाविस्टिन)का 1000 ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव मौसम साफ में करें।
रेपसीड	मैदानी क्षेत्र में तोरिया/लाही की बुवाई सितम्बर के इस द्वितीय पक्ष में समय मिलते ही मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
गन्ना	इस माह के द्वितीय पखवाड़े में शरदकालीन गन्ने की बुवाई करें।
मक्का	मक्का फसल को तोता एवं अन्य चिड़ियो के नुकसान से बचाने हेतु मचान बनाकर टीन आदि को लकड़ी से पीट-पीट कर बजाना चाहिए। आजकल बाजार में उपलब्ध लाल रंग के अग्नि रिफलेक्टिव फीता को 15-20 फीट के अंतराल पर फर्स से 1 फीट की उँचाई पर लगाकर भी चिड़ियों के नुकसान से फसल को बचा सकते है। इसका प्रति हैक्टर खर्च लगभग 1500-2000 रु0 आत है। इसमें दिन के समय फीतो की चमक से चिड़ियो को आग का आभास होता है तथा हवा के टकराने से आवाज भी होता है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आँवला	जैसा कि आंवले में फल वृद्धि शुरू हो गयी है अतः अच्छी गुणवत्ता के फल हेतु बोरैक्स 200-250 ग्राम प्रति वृक्ष थालों मे प्रयोग करें।
अरबी	अरबी में फैटाथोरा ब्लाइट का प्रकोप होने पर, रिडोमिल एम जेड का 2 ग्राम/ली पानी की दर से जड़ो की सिंचाई करें। इसी का पत्तियों पर भी छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	गोवत्स के पैदा होने के 15 दिन के उपरान्त, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉसफोरस, जिंक, आयरन आयोडीन, कॉपर तत्वों को लवण मिश्रण अथवा मिनरल ड्रॉप के रुप में सेवन करायें, अन्यथा इनकी कमी होने पर गोवत्स मिट्टी खना शुरु कर देते हैं जिससे उन्हें गोल कृमि और काक्सीडिओसिस नामक बीमारी का संक्रमण हो जाता है।